# कार्यालय–केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, ललितपुर ।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, परिसर ललितपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये ठेकों की नीलामी दिनांक 28.03.2024 को अपरान्ह 04:30 बजे से सभागार कक्ष, जनपद न्यायालय, ललितपुर में नीलामी समिति की देख–रेख में सम्पन्न की जायेगी ।

**विवरण नीलामीः–**

**01–** कैंटीन (चाय, नमकीन, मीठा, चाट, फल जूस व शीतल पेय पदार्थ),

**02–** साइकिल स्टैण्ड जनपद न्यायालय परिसर, ललितपुर ।

**03–** बाह्य न्यायालय महरौनी भवन की कैंटीन (चाय, नमकीन, मीठा, चाट, फल जूस व शीतल पेय)

**नीलामी की शर्तेः–**

**01–** नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को वित्तीय वर्ष 2023–24 के ठेके की धनराशि का 20% सुरक्षा धनराशि के रूप में निम्न प्रकार जमा करना होगीः–

| क्रमांक | ठेके का विवरण | 2023–24 की धनराशि | प्रारंभिक बोली की धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01. | कैंटीन, न्यायालय परिसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर । | रू० 1,32,000/– | 1,45,200/– |
| 02. | साइकिल स्टैण्ड, न्यायालय परिसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर । | रू० 82,000/– | 90,200/– |
| 03. | कैंटीन, बाह्य न्यायालय, महरौनी जिला ललितपुर । | रू० 8,000/– | 8,800/– |

**01–** नीलामी कार्यवाही में भाग लेने वाले ठेकेदार को नीचे अंकित चार्ट अनुसार धरोहर राशि जमा करनी होगी । यदि बोली बोलने वाला व्यक्ति अपनी बोली पर स्थिर नहीं रहता है तो उसके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी । जिस व्यक्ति के नाम ठेका नहीं होगा, उसकी जमा धरोहर राशि नीलामी समाप्त होने पर वापस कर दी जायेगी ।

**02–** उन बोली दाताओं को नीलामी में भाग लेने नही दिया जायेगा, जिन पर ठेको की बावत पिछले वित्तीय वर्षो का कोई बकाया शेष हो ।

**03–** बोली स्वीकृत होने पर साइकिल स्टैण्ड हेतु नीलामी की पूर्ण धनराशि तथा कैंटीन के ठेके की 50% राशि नीलामी समाप्त होने पर तुरन्त तथा शेष राशि दो समान किश्तों में जून व सितम्बर 2024 में आवश्यक रूप से जमा करानी होगी । उपरोक्तानुसार धनराशि न जमा कराने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर पुनः नीलामी की जा सकेगी ।

**04–** प्रत्येक बोली दाता निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहेगा ।

**05–** नीलामी को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अन्तिम निर्णय माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, ललितपुर को होगा ।

**06–** नीलामी की प्रक्रिया को माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा अनुमोदित होने के पश्चात ही सम्पूर्ण माना जायेगा ।

**07–** नीलामी के अनुमोदन के पश्चात ठेका लेने वाले व्यक्ति को सम्बन्धित ठेके के बावत अनुबन्ध अंकन 100 रू० के स्टाम्प पर नियमानुसार निष्पादित करा कर दाखिल करना होगा । स्टाम्प नीलाम क्रेता को स्वयं क्रय कर प्रस्तुत करना होगा ।

**08–** प्रत्येक ठेकेदार को न्यायालय भवन के सामने गेट के पास सड़क के किनारे खाली भूमि में विनिर्दिष्ट स्थान प्रदान किया जायेगा । जिसमें ठेकेदार द्वारा अपना अस्थाई प्रबन्ध कर निर्धारित कार्य करेगें ।

**09–** जो बोली दाता अधिकतम बोली बोलने के पश्चात व बोली स्वीकार करने के पश्चात नीलामी की शर्तों का अनुपालन नहीं करेगें तो उसकी धरोहर राशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा ।

**10–** यह आवश्यक नही है कि अधिकतम बोली लगाने वाला प्रत्येक दशा में स्वीकार किया जाये ।

**11–** प्रत्येक बोली दाता को बोली बोलते समय अपना पहचान पत्र/आधार कार्ड, एक फोटो तथा मोबाइल नम्बर जमा करना अनिवार्य होगा ।

**12–** ठेका कैंटीन तथा साइकिल स्टैण्ड हेतु न्यायालय परिसर, ललितपुर व बाह्य न्यायालय महरौनी भवन में कैंटीन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये दिया जायेगा ।

**13–** नीलामी की प्रक्रिया से उत्पन्न किसी भी वाद का क्षेत्राधिकार जनपद न्यायालय, ललितपुर को होगा

(02)

**14–** कैंटीन हेतु विद्युत संयोजन स्वयं के व्यय पर लेना होगा । विद्युत संयोजन लेने व नीलामी स्वीकर होने के पश्चात उस व्यक्ति द्वारा विद्युत की रसीद/कनेक्शन संख्या कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व दाखिल करनी होगी । प्रतिष्ठान पर बिना वैध कनेक्शन के विद्युत संयोजन पाये जाने पर ठेका निरस्त कर धरोहर राशि राज्य के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी ।

**15–** प्रत्येक बोलीदाता/ठेकेदार को इस आशय का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा कि उसके विरूद्ध कोई आपराधिक वाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नही हैं ।

**16–** जिस बोलीदाता/ठेकेदार के पक्ष में नीलामी अनुमोदित की जायेगी उसे अन्दर तीन दिवस में नियत निर्धारित स्थान पर कार्य प्रारम्भ करना होगाः–

धरोहर राशि का विवरण निम्न तालिका में अंकित है :–

| क्रमांक | ठेके का विवरण | धरोहर राशि का विवरण | कैंटीन संचालित करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| 01. | कैंटीन, न्यायालय परिसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर । | रू० 26,500/– | मुख्य गेट के पास खाली भूमि 40 फीट लम्बी व 09 फीट चौड़ी |
| 02. | साइकिल स्टैण्ड, न्यायालय परिसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर । | रू० 16,500/– | मुख्य गेट के सामने कैंटीन व फोटोकापी ठेके के अलावा खाली भूमि |
| 03. | कैंटीन, बाह्य न्यायालय, महरौनी जिला ललितपुर । | रू० 2,000/– | बाह्य न्यायालय, महरौनी कैंटीन भवन में |

17– कोई भी ठेकेदार तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी तथा तंबाकू से निर्मित सामग्री नहीं बेंचेगे। इस संबंध में उन्हें लिखित अंडरटेकिंग देना होगी।

Sd/–
**(गुलाब सिंह–II),**
**अध्यक्ष, नीलामी समिति,**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ललितपुर ।**

**<u>प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।</u>**

01– नाजिर सदर, कार्यालय जिला अधिकारी, ललितपुर ।
02– अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका परिसद, ललितपुर ।
03– सहायक नाजिर, जनपद न्यायालय, ललितपुर ।
04– जिला सूचना अधिकारी, ललितपुर को दैनिक समाचार पत्र में शासनादेश सं० 562/19–02–2007–1007/74(T.C) (सूचना अनुभाग 02 लखनऊ ) दिनांकित 04.07.2007 के अनुपालन में प्रकाशन किये जाने हेतु प्रेषित ।
05– सिस्टम आफीसर, कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय, ललितपुर को जनपद न्यायालय ललितपुर व माननीय उच्च न्यायालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
06– अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, महरौनी ।
07– उप नाजिर, बाह्य न्यायालय, महरौनी ।

**आज्ञानुसार नीलामी समिति,**
Sd/–
**केन्द्रीय नाजिर,**
**जनपद न्यायालय, ललितपुर ।**